उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार 02 पौष, शक संवत्, 1925
**( दिनांक : 23 दिसम्बर, 2003 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिये नत्थी **"ख"**। )

3. मुख्य मंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद-151 के खण्ड (2) के अधीन वित्तीय वर्ष 2002-2003 के विनियोग लेखे एवं वित्त लेखे उत्तरांचल सरकार का प्रतिवेदन सदन के पटल पर रखेंगे।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी में पट्टी भण्डारस्यूं, दारगी-हातड़ को मिलाकर नये विकास खण्ड के सृजन विषयक" श्री लक्ष्मण सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रताप नगर को नया जनपद बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री चन्द्रवीर सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद टिहरी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

8. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

9. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

...2/...

10. शहरी विकास मंत्री, उत्तरांचल लोक सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगेंगे।

11. शहरी विकास मंत्री, उत्तरांचल लोक सम्पत्ति विरूपण निवारण विधेयक, 2003 को पुरःस्थापित करेंगे।

12. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

13. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुत किया जाना :-

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
| --- | --- |
| (क) 1. श्री मालचन्द,<br>2. श्री हरबंस कपूर,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री चन्द्रशेखर,<br>5. श्री मदन कौशिक,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>8. श्री महेन्द्र भट्ट,<br>9. श्री गोविन्द लाल,<br>10.श्री अनिल नौटियाल,<br>11.श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>12.श्री अजय भट्ट,<br>13.श्री कैलाश शर्मा,<br>14.श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>15.श्री अरविन्द पाण्डे,<br>16.श्री प्रकाश पन्त,<br>17.श्री बिशन सिंह चुफाल, | "यह सदन उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद् अध्यादेश, 2003 का अननुमोदन करता है।" |
| (ख) 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार। | --- तदैव --- |

14. तकनीकी शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद् विधेयक, 2003 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
|---|---|
| (क) 1. श्री मालचन्द,<br>2. श्री हरबंस कपूर,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री चन्द्रशेखर,<br>5. श्री मदन कौशिक,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>8. श्री महेन्द्र भट्ट,<br>9. श्री गोविन्द लाल,<br>10. श्री अनिल नौटियाल,<br>11. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>12. श्री अजय भट्ट,<br>13. श्री कैलाश शर्मा,<br>14. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>15. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>16. श्री प्रकाश पन्त,<br>17. श्री बिशन सिंह चुफाल, | "यह सदन उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |
| (ख) 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार। | --- तदैव --- |

15. तकनीकी शिक्षा मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल प्राविधिक शिक्षा परिषद् विधेयक, 2003 पारित किया जाय।

...4/...

16. निम्नलिखित संकल्पों का प्रस्तुत किया जाना :-

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
|---|---|
| (क) 1. श्री मालचन्द,<br>2. श्री हरबंस कपूर,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री चन्द्रशेखर,<br>5. श्री मदन कौशिक,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>8. श्री महेन्द्र भट्ट,<br>9. श्री गोविन्द लाल,<br>10. श्री अनिल नौटियाल,<br>11. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>12. श्री अजय भट्ट,<br>13. श्री कैलाश शर्मा,<br>14. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>15. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>16. श्री प्रकाश पन्त,<br>17. श्री बिशन सिंह चुफाल, | "यह सदन उत्तरांचल पंचायत (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2003 का अननुमोदन करता है।" |
| (ख) 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार। | --- तदैव --- |

17. पंचायती राज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल पंचायत (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 पर विचार किया जाय।

| <u>प्रस्तावक का नाम</u> | <u>संशोधन का रूप</u> |
| --- | --- |
| (क) 1. श्री मालचन्द,<br>2. श्री हरबंस कपूर,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री चन्द्रशेखर,<br>5. श्री मदन कौशिक,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>8. श्री महेन्द्र भट्ट,<br>9. श्री गोविन्द लाल,<br>10. श्री अनिल नौटियाल,<br>11. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>12. श्री अजय भट्ट,<br>13. श्री कैलाश शर्मा,<br>14. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>15. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>16. श्री प्रकाश पन्त,<br>17. श्री बिशन सिंह चुफाल, | "यह सदन उत्तरांचल पंचायत (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |
| (ख) 1. श्री प्रीतम सिंह पंवार। | --- तदैव --- |

18. पंचायती राज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल पंचायत (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2003 पारित किया जाय।

19. पंचायती राज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल पंचायत (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2003 पर विचार किया जाय।

| प्रस्तावक का नाम | संशोधन का रूप |
| --- | --- |
| (क) 1. श्री मालचन्द,<br>2. श्री हरबंस कपूर,<br>3. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>4. श्री चन्द्रशेखर,<br>5. श्री मदन कौशिक,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>8. श्री महेन्द्र भट्ट,<br>9. श्री गोविन्द लाल,<br>10. श्री अनिल नौटियाल,<br>11. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>12. श्री अजय भट्ट,<br>13. श्री कैलाश शर्मा,<br>14. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>15. श्री अरविन्द पाण्डे,<br>16. श्री प्रकाश पन्त,<br>17. श्री बिशन सिंह चुफाल। | "यह सदन उत्तरांचल पंचायत (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2003 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।"<br>(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे) |

20. पंचायती राज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल पंचायत (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2003 पारित किया जाय।

21. प्रदेश में बढ़ती जनसंख्या पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सरकार द्वारा सार्थक प्रयास किये जाने के सम्बन्ध में श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-52 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, एक घण्टे की चर्चा।

22. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

देहरादून:
दिनांक : 23 दिसम्बर, 2003

(महेश चन्द्र)
सचिव।

तृतीय सत्र, 2003
का प्रथम मंगलवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## मंगलवार, 02 पौष, शक संवत्, 1925
(दिनांक : 23 दिसम्बर, 2003)

# नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| मदन कौशिक<br>10-12-2003 | **1. क्या गन्ना मंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल राज्य में गन्ने का मूल्य अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है ? यदि हॉ, तो क्यों ? यह मूल्य कब तक निर्धारित कर दिया जायेगा ? | गन्ना विकास |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>12-12-2003 | **2. क्या आवास मंत्री बतायेंगे कि मसूरी-देहरा विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय कालोनियों के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है? यदि हाँ, तो अब तक कुल कितनी भूमि अधिगृहीत की गई है/की जा रही है तथा उसका विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि क्या सरकार अधिगृहीत क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले कुछ निजी भवनों का भी अधिग्रहण कर रही है? यदि हाँ, तो कितने भवनों का अधिग्रहण किया जा रहा है और वे कहाँ-2 स्थित हैं? | आवास |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>01-09-2003 | *1. | क्या पर्यावरण मंत्री अवगत है कि नैनीताल झील का पानी प्रदूषित है? क्या यह सत्य है कि इस प्रदूषित पानी के कारण नैनीताल में बीमारियों का प्रकोप बढ रहा है? यदि हॉ तो क्या सरकार नैनीताल झील के पानी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए क्या कारगर कदम उठा रही है? यदि नहीं तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>01-09-2003 | *2. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि केन्द्रीय पंचम वेतन आयोग की संस्तुति के अनुसार वन विभाग में कार्यरत वन दरोगा व उपराजिक पदों पर सेवारत कर्मचारियों को पद से पद की समानता के अनुरूप वेतनमान दिये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | वन |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>03-09-2003 | *3. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून के लिए सीवर लाइन की कोई वृहत योजना प्रस्तावित है? यदि हॉ तो क्या देहरादून शहर के वार्ड 10,11,12,13 में सीवर लाइन डाली जायेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मदन कौशिक<br>03-09-2003 | *4. | क्या पेयजल मंत्री को जानकारी है कि गंगा एक्शन प्लान के तहत गंगा नदी के निर्धारित कार्यक्रम में गंगा का प्रदूषण कम हुआ है, यदि हॉ तो सरकार शहरों के गन्दे पानी को गंगा में प्रवाहित होने से रोकने के लिये क्या प्रभावी कार्यवाही कर रही हैं? यदि नहीं तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रकाश पन्त<br>04-09-2003 | *5. | क्या वन मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल की वन उपजों के सालाना उत्पादन, आंकलन करने के लिये क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है? क्या सरकार प्रत्येक प्रजाति की वन उपजों के उत्पादन के सही आंकलन के लिये नई आयतन सारणी बनाने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | वन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>04-09-2003 | *6. | क्या वन मंत्री के संज्ञान में है कि राजाजी नेशनल पार्क, उत्तरांचल में हाथियों की दुर्घटनाओं में मृत्यु हो रही है? क्या सरकार द्वारा हाथियों की सुरक्षा के प्रयास किये है? यदि हॉ तो किस तरह के? यदि नहीं तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>30.09.2003 | *7. विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त | |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>07.10.2003 | *8. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के रूपकुण्ड ट्रैक पर स्थित ल्वाणी से लेकर मुन्दोली, लोहागंज और कुलिंग तक के वनक्षेत्र में काफल, बांज, बुरांस, मेलू, रागा, अंगूर आदि के वृक्ष फर्न प्रजाति के पोधों के प्रकोप से सूखने के कगार पर हैं? यदि हाँ, तो इन फर्न प्रजाति के पौधों का प्रकोप रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>13.10.2003 | *9. क्या पेयजल मंत्री बतायेंगे कि नगर निगम, नगरपालिका परिषदों एवं टाउन एरिया क्षेत्रों में उपभोक्ताओं से पेयजल कनेक्शन हेतु किये जा रहे विभागीय खर्च के मानक क्या हैं? क्या सरकार विभिन्न निकायों को शासन द्वारा अवमुक्त की जा रही राशि के आधार पर उपभोक्ताओं से की जा रही वसूली पर पुनर्विचार करने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.10.2003 | *10. क्या वन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वनों से लीसे के दोहन में तेज़ाब का प्रयोग किया जा रहा है? क्या यह सत्य है कि लीसा दोहन हेतु एक चीड़ के पेड़ पर एक खोब के स्थान पर दो से तीन खोब बनाकर तेज़ाब का प्रयोग किया जा रहा है? क्या यह भी सत्य है कि उक्त प्रयोग के कारण पेड़ों को अत्यधिक नुकसान पहुँच रहा है तथा वनों से चीड़ के पेड़ों में अप्रत्याशित कमी आ रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस पर रोक लगायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>24.10.2003 | *11. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रसिद्ध पर्यटक नगरी नैनीताल एवं उससे लगे हुए क्षेत्रों के वाँज (ओक) के घने जंगलों के वृक्षों में वाँना (लौरेन्थस विस्टीटस) लगने से जंगल को खतरा उत्पन्न हो गया है? यदि हाँ, तो इस गम्भीर समस्या के समाधान हेतु कोई कार्य योजना तैयार की गई है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| काजी निजामुद्दीन<br>20.3.2003 | *12. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश में नदियों को प्रदूषण मुक्त करने हेतु कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री नारायण पाल<br>13.11.2003 | *13. क्या शहरी विकास मंत्री बतायेंगे कि हरिद्वार रिस्पना बाइपास जनपद देहरादून के अन्तर्गत शासन द्वारा भूमि अधिग्रहण करने की कार्रवाई धारा (4) के अन्तर्गत की जा रही है? यदि हाँ, तो क्या अधिग्रहण की कार्रवाई से निर्धन अनुसूचित जाति परिवारों को नियमानुसार पृथक रखा गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | सप्तम सोम के तारा.प्र. 03 में स्था. |

| | | |
|---|---|---|
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>29.10.2003 | *14. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल सचिवालय में कार्यरत सचिवालय संवर्ग तथा नि:संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लीज़ रेन्ट दिया जा रहा है? यदि हाँ, तो सचिवालय संवर्ग तथा नि:संवर्ग के किन अधिकारियों/कर्मचारियों को यह सुविधा अनुमन्य है? इनमें कितने अपर सचिव स्तर के अधिकारी हैं, जो पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त अन्य राज्यों/केन्द्र सरकार से उत्तरांचल में कार्यरत हैं तथा लीज़ रेन्ट की सुविधा प्राप्त कर रहे हैं? क्या यह सही है कि सचिवालय में कार्यरत अन्य प्रदेशों के सचिवालय संवर्ग के कर्मचारियों/अधिकारियों को उक्त लीज़ रेन्ट अनुमन्य नहीं किया गया है? यदि हाँ, तो इस विसंगति का क्या कारण है तथा इस विसंगति को कब तक दूर कर दिया जायेगा? | राज्य सम्पत्ति |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>20.5.2003<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>13.11.2003 | 1. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल जल संस्थान में ठेके पर कितने कर्मचारी कार्य कर रहे हैं तथा उन्हें कितने रूपये प्रतिदिन भुगतान किया जाता रहा है? क्या सरकार ठेके पर रखे गये इन दैनिक वेतन भोगियों को स्थायी करने पर विचार कर रही है, यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>01-09-2003 | 1. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार में लगने वाले अर्द्धकुम्भ मेला 2004 के लिए लक्ष्मणझूला, स्वर्गाश्रम में बनने वाली पेयजल योजना में समस्त पाइप लाइन स्थाई रूप से बनायी जायेगी? यदि नहीं तो क्यों? | पेयजल |
| श्री नारायण राम आर्य<br>02-09-2003 | 2. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगी कि जनपद पिथौरागढ में गंगोलीहाट-पव्वाधार चौरपाल मोटर मार्ग को ग्राम नागधूणा-शिबना-पाली होते हुए बुगली तक मिलाने सम्बन्धी मेरे पत्रांक अ-34087 दि0 11-6-2003 मा0 मुख्यमंत्री जी के माध्यम से उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हॉ तो क्या नागधूणा-पाली-बुगली मार्ग की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री नारायण राम आर्य<br>02-09-2003 | 3. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगी कि जनपद पिथौरागढ के विकास खण्ड गंगोलीहाट में डूनी-चहज मोटर मार्ग कब स्वीकृत हुआ और इसमें अब तक कितनी धनराशि व्यय हुई हैं? क्या यह सही है कि इस मार्ग में जाब 5-बी न कटने से आगे 4 कि0मी0 कटा मार्ग भी अब ध्वस्त हो गया हैं? यदि हॉ तो यह कार्य कब तक पूरा हो जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>02-09-2003 | 4. दिनांक 22-12-2003 को अता.प्र. 124 द्वारा उत्तरित | |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>02-09-2003 | 5. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर, पौडी गढवाल की उच्चाकोट पम्पिंग पेयजल योजना में कितने गांवों को पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य रखा था? क्या झैड, काला, विजयनगर गांवों की भी पेयजल आपूर्ति उक्त योजना से की जानी थी? यदि नहीं तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>02-09-2003 | 6. क्या वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2002-03 में नरभक्षी बाघ ने कितने आदमियों को अपना शिकार बनाया है? सरकार नरभक्षी बाघ से जानमाल की रक्षा के लिए क्या उपाय करने जा रही है? | वन |
| श्री मदन कौशिक<br>02-09-2003 | 7. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नजूल की भूमि का नया पट्टा जारी करने की शासन की कोई नीति है? यदि हॉ तो क्या सरकार इस नीति के अन्तर्गत कमजोर वर्ग को निशुल्क भूमि आवास हेतु देने पर विचार करेगी? यदि नहीं तो क्यों? | द्वितीय सोम के अता.प्र. 58 में स्था. |
| श्री अनिल नौटियाल<br>02-09-2003 | 8. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बाघ के अलावा किन-किन जंगली जानवरों के हमले से मारे गये व्यक्तियों को मुआवजा देने का प्राविधान है? क्या जंगली सुअर के हमले से मारे गये व्यक्ति को भी इस श्रेणी में रखा गया है? यदि नहीं तो क्यों? | वन |
| श्री अनिल नौटियाल<br>02-09-2003 | 9. क्या ग्राम्य विकास मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के अन्तर्गत चॉदपुरगढी विकास खण्ड के नाम से नये विकास खण्ड खोले जाने की मांग काफी समय से की जा रही है? यदि हॉ तो क्या सरकार चॉदपुरगढी विकास खण्ड की स्थापना किये जाने पर विचार करेगी? यदि नहीं तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री अजय भट्ट<br>02-09-2003 | 10. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगी कि रानीखेत-एरोड हल्का मोटर वाहन मार्ग किस सन् में स्वीकृत हुआ? इस मोटर वाहन मार्ग के निर्माण न होने के क्या कारण हैं तथा कब तक इस सडक का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री अजय भट्ट<br>02-09-2003 | 11. क्या लो0नि0 मंत्री बतायेंगी कि जनपद अलमोड़ा के गनियाधोली-टाना विशालकोट सड़क की स्वीकृति किस सन् में हुयी थी? इसका निर्माण आज तक न होने के क्या कारण है? कब तक इसका निर्माण पूरा करा लिया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री अजय भट्ट<br>02-09-2003 | 12. क्या लो0 नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा के चौबटिया-बमस्यूँ कुनेलाखेत मोटर मार्ग की स्वीकृति कब हुयी? आज तक इस मार्ग के पूर्ण न होने के क्या कारण है? अब इस सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री अजय भट्ट<br>02-09-2003 | 13. क्या लो0 नि0 मंत्री को ज्ञात है कि जनपद अल्मोडा के रानीखेत द्वाराहाट विधान सभाओं को जोडने वाला दड़माड़ पुल टूट चुका है? यदि हॉ तो क्या सरकार इसका पुनः निर्माण कराये जाने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>03-09-2003 | 14. क्या वन मंत्री बतायेंगे कि ग्राम रैतोला विकास खण्ड गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ निवासी स्व0 श्री गौरी दत्त जोशी की विधवा श्रीमती चन्द्रावती जोशी के घर में 20-12-2002 को घुसकर बाघ ने उसकी दुधारू गाय व बछडे को मार दिया? यदि हॉ तो क्या ग्रामवासियों के सहयोग से विभाग ने उस बाघ को पकड लिया? क्या श्रीमती चन्द्रावती जोशी को उसके मकान तथा पशुओं के मारे जाने से पहुॅची क्षति का मुआवजा दिया गया? यदि नहीं तो सरकार कब तक उसे मुआवजा प्रदान करेगी और कितना? | वन |
| श्री अनिल नौटियाल<br>03-09-2003 | 15. क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोलीके कर्णप्रयाग विकास खण्ड के अन्तर्गत चट्आ पीपल सकन्ड, पैदल मार्ग कब स्वीकृत हुआ था? उक्त पैदल मार्ग पर अभी तक कितना कार्य किया जा चुका है तथा शेष कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री अनिल नौटियाल<br>03-09-2003 | 16. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के गैरसैंण विकास खण्ड के अन्तर्गत पांण्डुवाखाल, गोगिना तल्ला-मल्ला आदि गांवों के लिए पेयजल उपलब्ध कराये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि नहीं तो क्यों? | पेयजल |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>03-09-2003 | 17. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि देहरादून जनपद के निम्न मोटर मार्ग किस योजना के अन्तर्गत बनाये जा रहे हैं? (1) डोईवाला-कुडका वाला-बुल्लावाला तक पुल सहित? (2) हर्रावाला, लक्ष्मण सिंह मोड से नकरोडा मोटर मार्ग? (3) रायपुर से मियॉवाला मोटर मार्ग? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त सडकों के निर्माण में कुल कितना धन व्यय किया जा रहा है तथा ये मार्ग कब तक पूर्ण हो जायेगें? | लोक निर्माण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>04-09-2003 | 18. क्या वन मंत्री को जानकारी है कि वन विभाग द्वारा लक्ष्मणझूला, नीलकंठ पैदल मार्ग में श्रावण मास मेला के एक महीने की अवधि के दौरान कितनी दुकानें कितने व्यक्तियों को आवंटित की गई थीं? क्या सत्य है कि उक्त दुकानें स्थानीय बेरोजगारों को न देकर अन्य लोगों को आवंटित की गई? क्या सरकार इस विषय पर जांच करायेंगी। यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | वन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>04-09-2003 | 19. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के मोटर मार्गो पर पड़े मलबा, मिट्टी, पत्थर को हटवाने के लिए सरकार क्या व्यवस्था कर रही है? क्या यह सत्य है कि वर्षा काल में मोटर मार्गो पर स्लिप हटाने में विभागीय अधिकारी असमर्थता प्रकट करते हैं? यदि हॉ तो इस हेतु सरकार क्या व्यवस्था करने जा रही है? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>04-09-2003 | 20. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग में विजयनगर-डोभा-गणेशनगर, स्वीकृत 05 कि0मी0 मोटर मार्ग पर भौंसाल से आगे गणेशनगर तक निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है? यदि हॉ तो कब प्रारम्भ किया गया है? यदि नहीं तो स्वीकृत मार्ग पर कार्य प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण हैं? | लोक निर्माण |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>04-09-2003 | 21. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड स्तर पर महिला, प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को रात्रि विश्राम हेतु कोई व्यवस्था सरकार के विचाराधीन हैं?यदि हॉ तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>04-09-2003 | 22. क्या लो0नि0 मंत्री को जानकारी है कि जनपद रूद्रप्रयाग के प्रसिद्ध तीर्थ धाम केदारनाथ के प्रथम पड़ाव गौरीकुण्ड में घोड़ा पड़ाव हेतु निर्माणाधीन पैदल पुल का निर्माण पूर्ण हो चुका है? यदि हॉ तो कब? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>04-09-2003 | 23. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि हल्द्वानी- रानीखेत-द्वाराहाट-गैरसैंण-कर्णप्रयाग मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हॉ तो इस मार्ग के विकास हेतु कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>04-09-2003 | 24. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्री हीरा बल्लभ सुयाल वरिष्ठ लिपिक पद से नगरपालिका परिषद हल्द्वानी (नैनीताल) से 31 जुलाई, 1997 को सेवानिवृत्त हुए हैं? यदि हॉ तो क्या उन्हें सेवानिवृति के पश्चात देय ग्रेच्यूटी भुगतान एवम् पेंशन का नियमित रूप से भुगतान किया जा रहा है? यदि नहीं तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>05-09-2003 | 25. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2001-2002 में कुल कितनी सड़कों में सर्वे हेतु धन खर्च किया गया है? क्या सरकार उक्त सड़कों के निर्माण हेतु भी धन स्वीकृत करेगी? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रकाश पन्त<br>06-09-2003 | 26. क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर पालिका परिषद पिथौरागढ़ की नजूल भूमि के फ्री होल्ड किये जाने की प्रकिया 31 अगस्त, 2003 तक सम्पन्न की गयी थी? यदि हॉ तो निर्धारित तिथि तक कितने प्रकरण निस्तारित हो गये हैं तथा कितने अवशेष हैं? क्या सरकार अवशेष प्रकरणों के निस्तारण किये जाने की योजना बना रही है? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | द्वितीय सोम के अता.प्र. 57 में स्था. |

| | | |
|---|---|---|
| श्री तसलीम अहमद<br>08.09.2003 | 27. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लालढांग (जनपद हरिद्वार) के ग्राम गैंडी खाता वन क्षेत्र में पुर्नवासित वन गूजरों को क्या सुविधाएं उपलब्ध की जा रही हैं? क्या वन गूजरों को आवंटित भूमि में से ही स्वास्थ्य केन्द्र, शिक्षा केन्द्र तथा पूजा स्थल के निर्माण हेतु भूमि आवंटित की गई है? क्या मंत्री जी को जानकारी है कि पुनर्वासित क्षेत्र में बनाये जा रहे मुख्य मार्ग की चौड़ाई अपेक्षाकृत कम है व वन गूजरों को आवंटित किये गये पट्टों के क्षेत्रफल भी पूर्ण नहीं है? यदि हॉ, तो सरकार वन गूजरों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>08.09.2003 | 28. क्या लो0 नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि उत्तरांचल के प्रत्येक जनपद में वित्तीय वर्ष 2002-2003 तथा 2003-2004 में कितनी लागत की सड़कों, पुलों एवं डामरीकरण का निर्माण कार्य जनपदवार किया गया है? इन कार्यों के लिए जनपदों को धन आवंटन के क्या मानक निर्धारित हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>08.09.2003 | 29. क्या वन मंत्री बतायेंगे कि देहरादून जिले के गूलरघाटी नकरोंदा से लच्छीवाला पर्यटन स्थल के लिए मोटर मार्ग निर्माण की योजना प्रस्तावित हैं? यदि हॉ, तो क्या प्रगति है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रकाश पन्त<br>08.09.2003 | 30. क्या लो0 नि0 मंत्री बतायेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ़ में पूर्व स्वीकृत हल्का वाहन मार्ग के पुनरीक्षित आगणन की धनराशि की स्वीकृति पर सरकार ने रोक लगा दी है? यदि हॉ तो ऐसे समस्त निर्माण कार्य जिनकी स्वीकृतियॉ मार्च, 2003 से पूर्व हो चुकी थी परन्तु वन अधिनियम तथा अन्य प्रशासनिक व विभागीय कारणों से लम्बित थी, के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ तो कब तक स्वीकृतियॉ जारी हो जायेंगी? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रकाश पन्त<br>08.09.2003 | 31. क्या पेयजल मंत्री बतायेंगे कि ''उत्तरांचल पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम'' का गठन कर लिया गया है? यदि हॉ तो उत्तरांचल के विभिन्न सरकारी विभागों के कितने निर्माण कार्य इस निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2002-03 तथा 31 अगस्त, 2003 तक किये गये? निगम का वर्तमान स्वरूप क्या है? निगम को अपेक्षाअनुरूप निर्माण कार्य प्राप्त न होने के कारणों पर क्या सरकार प्रभावी कार्यवाही करेगी? यदि हॉ तो कब तक तथा क्या कार्यवाही की जाएगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री नारायण राम आर्य<br>09.09.2003 | 32. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विधान सभा क्षेत्र गंगोलीहाट में कितने हल्का वाहन मार्ग स्वीकृत हैं? क्या अब इन्हें मोटर मार्ग पर बदलने हेतु आगणन शासन ने मांग लिये हैं? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी 09.09.2003 | 33. क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के मासों, डिडोली मोटर मार्ग के निर्माण कार्य से मासों नहर क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके कारण क्षेत्रीय काश्तकार सिंचाई सुविधा से वंचित हो गये हैं? यदि हॉ तो उक्त क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत कब तक हो जाएगी? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल 09.09.2003 | 34. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि ऊधमसिंहनगर जनपद के जसपुर विधान सभा क्षेत्र में हरियावाला चौराहे से गढी नेगीं हेमपुर तक सडक् को चौड़ी करने की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हॉ, तो कब तक इस पर कार्य आरम्भ हो जाएगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 09.09.2003 | 35. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2002-03 में हाथियों द्वारा कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा कितनी फसल का नुकसान किन-किन जिलों में हुआ है? सरकार द्वारा कृषकों को कितनी राहत एवं क्षतिपूर्ति राशि बांटी गयी है? क्या सरकार राहत एवं क्षतिपूर्ति की धनराशि में वृद्धि करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 09.09.2003 | 36. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में इन्दिरा आवास की सुविधा किन परिवारों एवं व्यक्तियों को दी जाती है? इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या मानक निर्धारित किये गये हैं? इन मानकों का अनुपालन किस प्रकार सुनिश्चित किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों | ग्राम्य विकास |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत 09.09.2003 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि जनपद देहरादून के मालदेवता नामक गॉव के आस-पास सौग नदी पर कृत्रिम झील निर्माण का कार्य प्रस्तावित है? यदि हॉ तो उक्त झील के निर्माण में क्या प्रगति है तथा अब तक कितना धन झील निर्माण के लिए अवमुक्त किया जा चुका है? | प्रथम बुध के अता.प्र. 63 में स्था. |
| श्री नारायण राम आर्य 10.09.2003 | 38. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ़ जिले के विधान क्षेत्र गंगोलीहाट में कितने मोटर मार्गों के निर्माण के कितने आगणन अब तक शासन को उपलब्ध हो गये हैं? इनमें कितने सड़कों में इस वित्तीय वर्ष में कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 10.09.2003 | 39. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विकास खण्ड स्तर पर जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत कितना प्रतिशत श्रमिकों को खाद्यान्न उनके श्रम के रूप में दिया जाता है? क्या यह सत्य है कि खाद्यान्न श्रमिकों तक नहीं पहुँच पाता है? यदि हॉ, तो सरकार श्रमिकों को खाद्यान्न वितरण की क्या व्यवस्था करने जा रही है? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री नारायण राम आर्य<br>11.09.2003 | 40. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के गंगोलीहाट में लिफ्ट पेयजल योजना हेतु जनता की बहुत समय से माँग चली आ रही है? यदि हॉ, तो उक्त योजना में अब तक क्या प्रगति हुई है तथा इसमें कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>11.09.2003 | 41. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अलकनन्दा के किनारे उद्‌गम स्थल माणा व बद्रीनाथ, जनपद चमोली में गंगा को प्रदूषण मुक्त रखे जाने हेतु सीवरेज व गन्दे पानी के निस्तारण की उचित व्यवस्था हेतु गंगा एक्शन प्लान के तहत व्यवस्था की जा रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री बलवीर सिंह नेगी<br>12.09.2003 | 42. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल में जंगली पशुओं से किसानों को प्रतिवर्ष कृषि फसलों का कितना नुकसान उठाना पडता है? क्या सरकार इस नुकसान को रोकने के लिए कोई ठोस कार्य योजना पर विचार करेगी? | वन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>12.09.2003 | 43. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की पेयजल योजनाओं में कार्यरत पार्ट टाईम फिटर को कितना मानदेय दिया जाता है? क्या सरकार इनके मानदेय में वृद्धि करने जा रही है? यदि हॉ, तो कब से और कितनी वृद्धि की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>12.09.2003 | 44. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाली पेयजल योजनाओं में फिल्टर की व्यवस्था की जाती है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.09.2003 | 45. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के दिवारीखोल गड्‌थ मोटरमार्ग निर्माण हेतु ग्राम बनाड़ी निवासी श्री तारा सिंह की रणियारा नामे तोक की 5 नाली 9 मुट्‌ठी भूमि सड़क निर्माण हेतु अधिग्रहीत की गयी थीं? यदि हॉ, तो श्री तारा सिंह को उक्त भूमि का प्रतिकर भुगतान विभाग द्वारा किया जा चुका है? यदि नहीं तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>16.09.2003 | 46. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगें कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी अन्तर्गत ग्रामसभा अठाली में उत्तरांचल जल संस्थान द्वारा शहरी दरों पर पेयजल टैक्स लिया जा रहा है? यदि हॉ, तो ग्रामीण दरों पर पेयजल टैक्स न लिए जाने के क्या कारण है? क्या ग्रामीण दरों पर पेयजल टैक्स लिया जायेगा? यदि हॉ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>16.09.2003 | 47. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जल निगम ने प्रदेश में कितनी पेयजल योजनाओं का निर्माण वर्ष 2002 तथा 2003 में किया? क्या निर्मित योजनायें जल संस्थान को हस्तांतरित हो चुकी हैं? यदि नहीं, तो इनके हस्तांतरण में क्या कठिनाई है? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.09.2003 | 48. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि उत्तरांचल राजकीय निर्माण निगम लि0 का गठन कब तक कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17.09.2003 | 49. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गम्भीर पेयजल संकट वाले ग्रामों की सूची शासन द्वारा तैयार कर दी गयी है? यदि हाँ, तो प्रदेश में कितने गाँव पेयजल संकट से ग्रसित हैं? क्या सरकार इन गाँवों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोई कार्य योजना बनाने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.09.2003 | 50. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि विधान सभा के द्वितीय सत्र 2002 के प्रथम मंगलवार के लिए निर्धारित पूछा गया प्रश्न सं0-41 व 43 के उत्तरालेख के अन्तर्गत सड़कों की जाँच करा ली गयी है? यदि हाँ, तो जाँच आख्या क्या है? क्या सरकार दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.09.2003 | 51. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ अन्तर्गत ग्राम सभा तुल्याड़ा सुनारगाँव में उत्तरांचल पेयजल निगम नई टिहरी द्वारा पूर्व निर्मित जल संस्थान उत्तरकाशी की पेयजल लाईन उखाड़कर पेयजल योजना पर लाखों रूपये व्यय किये गये? क्या उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जाँच करवाकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>19.09.2003 | 52. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में संचालित मनेरी भाली परियोजना द्वितीय चरण धरासू में सर्जशाफ्ट से हटाये जा रहे मिट्टी पत्थर डम्पिंग करने से कुल कितने चीड़ व अन्य प्रजातियों के पेड़ों को क्षति पहुँचायी गयी? मैगज़ीन निर्माण स्थल में कुल कितने पेड़ों का पातन किया गया? वन विभाग द्वारा अवैध पातन व भारी क्षति पर क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>19.09.2003 | 53. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जल निगम तथा जल संस्थान का ढाँचा सरकार बना चुकी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार अनुमोदित ढाँचे का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? | पेयजल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.09.2003 | 54. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ अन्तर्गत कुमारकोट से वागी तक कितने कि0मी0 सड़क स्वीकृत है? क्या जनहित व क्षेत्रीय जनता की मांग पर उक्त सड़क को कुमारकोट से राज राजेश्वरी धार होते हुए तराकोट, सूटी दारगढ़, बदाल्डा, रमोली व जिव्या आदि गाँवों को जोड़ा जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.09.2003 | 55. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगाँव अन्तर्गत स्यानाचट्टी से कुपड़ा मोटर मार्ग कुल कितने कि0मी0 स्वीकृत है तथा कितने कि0मी0 सड़क का निर्माण किया जा चुका है? अवशेष सड़क निर्माण कार्य कब तक पूरा कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>20.09.2003 | 56. | क्या वन मंत्री बतायेंगे कि 15 फरवरी, 2003 से 30 मई, 2003 तक फैली आग से जनपद टिहरी गढ़वाल के बालगंगा रेंज, भिलंगना रेंज एवं पौखाल रेंज में अग्नि सुरक्षा पर प्रत्येक रात्रि में कितना-कितना व्यय किया गया? | वन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>20.09.2003 | 57. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग में कोट घोल्तीर मोटर मार्ग कितना कि0मी0 बना है? क्या इस मोटर मार्ग का निर्माण पूर्ण नहीं हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस अधूरे मोटर मार्ग को पूर्ण करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>20.09.2003 | 58. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग में बी.डी.एस. मोटर मार्ग कितने कि0मी0 बन गया है? कितने मार्ग का निर्माण अवशेष है तथा कब तक उक्त मोटर मार्ग पर यातायात की सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>20.09.2003 | 59. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग में दुगड्डा पालाकुतली हल्का वाहन मार्ग कब स्वीकृत हुआ? क्या इसके निर्माण के लिए वन भूमि की स्वीकृति मिल चुकी है? यदि हाँ, तो क्या कारण है कि उक्त हल्का वाहन मार्ग का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है? क्या सरकार जनहित में उक्त सड़क का निर्माण कार्य यथाशीघ्र करवायेगी? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.09.2003 | 60. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के चिन्यालीसौड़ जोगथ मोटर मार्ग के जोगथ स्लिप जोन में लगातार भू-स्खलन के कारण सड़क बन्द है? क्या स्लिप जोन का भूगर्भीय सर्वेक्षण कराकर बन्द पड़े मोटर मार्ग को यातायात हेतु खोला जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

श्री अजय भट्ट
22.09.2003

61. क्या लोक निर्माण मंत्री बतायेंगे कि अल्मोड़ा जिले के रानीखेत विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मजखाली-दिगोली-बग्वाली पोखर लिंक रोड का निर्माण कार्य किस दिनांक से प्रारम्भ हुआ तथा आज तक कुल कितने कि0मी0 सड़क का निर्माण हो चुका है? शेष भाग का निर्माण न हो पाने के क्या कारण हैं तथा कब तक शेष भाग का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री प्रीतम सिंह पंवार
23.09.2003

62. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि वर्ष 2002-03 में नावार्ड द्वारा वित्त पोषित सड़क निर्माण कार्यों का जनपद उत्तरकाशी, टिहरी व पौड़ी का एक ही जॉब बनाकर मण्डल मुख्यालय पौड़ी में 15-10-2003 को निविदा आमंत्रित की गयी है? यदि हाँ, तो तीनों जनपदों के सड़क कार्यों का एक ही जॉब बनाने का क्या औचित्य है? क्या खण्ड (Division) स्तर पर छोटे-छोटे जॉब बनाकर निविदायें आमंत्रित कर कार्य सम्पन्न कराये जायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
23.09.2003
श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी
03.10.2003

63. क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में वर्क चार्ज के रूप में कितने कर्मी बेलदार पद पर कार्य कर रहे हैं? इन्हें कब तक नियमित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री कैलाश शर्मा
23.09.2003

64. क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगी कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत विकास खण्ड लमगड़ा के पोखरी गेरगाँव मोटर मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव राज्य सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उक्त मार्ग का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

श्री प्रीतम सिंह पंवार
24.09.2003

65. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी में लकड़ी की कमी की स्थानीय जनता की लम्बे समय से लम्बित माँग को देखते हुये वन निगम द्वारा लकड़ी स्टॉल की व्यवस्था कब तक कर ली जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

वन

श्रीमती आशा नौटियाल
24.09.2003

66. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में स्वीकृत मनसूना-गड़गू, ताला-बरगांली, तिलवाड़ा-बावई, भीरी-परकण्डी मोटर मार्गों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि हाँ, तो किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

ग्राम्य विकास

श्री प्रीतम सिंह पंवार
25.09.2003

67. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के वनचौरा-वणगाँव मोटरमार्ग व कोटधार-वनचौरा मोटर मार्ग का पक्कीकरण कार्य कब तक करा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

लोक निर्माण

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>25.09.2003 | 68. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग में गोरपा सिखाड़ी मोटर मार्ग का कितने कि0मी0 तक निर्माण किया गया है? वर्तमान में उक्त मार्ग पर कितने कि0मी0 तक गाड़ियाँ चल रही हैं? क्या यह सत्य है कि वर्षों से इस मोटर मार्ग पर मोटर पुल का कार्य अधूरा है? कब तक सरकार उक्त अधूरे मोटर मार्ग को पूर्ण तथा पुल को गाड़ी चलाने योग्य बना देगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>21.10.2003 | 69. | क्या वन एवं पर्यावरण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि वरूणावत पर्वत (उत्तरकाशी) से हो रहे भूस्खलन के कारण उड़ती हुई धूल से पर्यावरण पर काफी बुरा असर पड़ रहा है? जिससे शहर में रह रहे नागरिकों के साथ-साथ पाटा, संग्राली व बगियालगाँव के ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ रहा है? सरकार धूल के कारण हो रहे प्रभाव को रोकने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>27.09.2003 | 70. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भीमताल (जनपद नैनीताल) में सीवरेज़ पार्ट-2 योजना शासन द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है? यदि हाँ, तो क्या उक्त कार्य हेतु धनराशि भी अवमुक्त कर दी गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>27.09.2003 | 71. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल में भीमताल नगरीय पेयजल योजना शासन द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है? यदि हाँ, तो स्वीकृति कब प्रदान की गई? यदि नहीं, तो कब तक स्वीकृति प्रदान कर योजना पूर्ण कर ली जायेगी? | पेयजल |
| श्री कैलाश शर्मा<br>27.09.2003 | 72. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल वन विभाग में कार्यरत मानचित्रकारों को 24 वर्षों की सेवा उपरान्त प्रोन्नत वेतनमान स्वीकृत करने की सरकार व्यवस्था कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>29.09.2003 | 73. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जल संस्थान में अधिकारियों के सेवा विस्तार की कोई नियमावली है? यदि नहीं, तो कुमाऊँ मण्डल में जल संस्थान के एक अधिकारी के सेवा विस्तार का क्या आधार था? | पेयजल |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>29.09.2003 | 74. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल स्थित गौलानदी में रानीबाग-चितेश्वर धाम पर पैदल पुल निर्माण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>29.09.2003 | 75. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के वि0ख0 भीमताल के खमारी पुनर्गठन पेयजल योजना शासन द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है? यदि हाँ, तो कब तक योजना का कार्य प्रारम्भ करवा दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 30.09.2003 | 76. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिल्ली–ऋषिकेश–जोशीमठ–माणा–नीति राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जोशीमठ की जनता के विरोध के बावजूद हेलड़–अड़मठ गाँव से बद्रीनाथ को सीधे मोटरमार्ग से जोड़ने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 01.10.2003 | 77. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद उत्तरकाशी के धरासू, चमियारी मोटर मार्ग पर भागीरथी नदी पर बन रहे मोटर पुल निर्माण का अनुबन्ध किस तिथि को किया गया? अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार निर्माण कार्य कब पूरा होना था? वर्तमान में कुल कितना प्रतिशत कार्य किया जा चुका है तथा शेष कार्य कब तक पूर्ण करा लिया जायेगा? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 01.10.2003 | 78. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि विकास खण्ड नौगाँव जिला उत्तरकाशी मध्ये बजलाड़ी–छुड़ी–तेड़ा–बिल्ला मोटर मार्ग निर्माण कार्य प्रस्ताव/आगणन शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त पर कब तक कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 01.10.2003 | 79. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कपकोट–कर्मी मोटरमार्ग–जनपद–बागेश्वर को सरकार पूर्ण करने जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी 01.10.2003 | 80. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दशम वित्त आयोग द्वारा 'घाट–पेयजल योजना' जनपद पिथौरागढ़ के सुदृढ़ीकरण हेतु वर्ष 1999–2000 में दो करोड़ रूपये की धनराशि जल संस्थान को दी थीं? यदि हाँ, तो उक्त दो करोड़ की धनराशि में सुदृढ़ीकरण के रूप में क्या–क्या कार्य किये गये? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.10.2003 | 81. क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि इन्दिरा आवासीय योजना के अन्तर्गत आवास आवंटन में पात्रता सुनिश्चित करने के लिए सरकार कोई कारगर कदम उठाने जा रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 03.10.2003 | 82. क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ में वर्ष 2001–02 व वर्ष 2002–03 में दैवीय आपदा मद में किन–किन लाभार्थियों को आवास आवंटित किये गये तथा उनकी ग्राम पंचायत वार सूची क्या है? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03.10.2003 | 83. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल सरकार के शा0सं0-928/नौ-2-पे0/2003, दिनांक 20.06.2003 के अनुरूप उत्तर प्रदेश जल निगम लखनऊ के का0ज्ञा0सं0-1167, दि0-26.07.2003 में निहित प्राविधानों के तहत सहायक अभियन्ताओं को 05 वर्ष तथा 18 वर्ष सेवा के बाद प्रथम तथा द्वितीय पदोन्नति वेतनमान का लाभ अभी तक न दिये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार उक्त को वर्णित पदोन्नति वेतनमान का लाभ प्रदान करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>03.10.2003 | 84. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या यह सही है कि मुख्य अभियंता (उ0) पेयजल निगम से जूनियर इंजीनियरों के स्थानांतरण का अधिकार वापस लेकर शासन में निहित कर दिया गया है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं? | पेयजल |
| श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी<br>03.10.2003 | 85. क्या वन मंत्री को ज्ञात है कि दिनांक 16 मार्च, 2003 को ग्राम सभा मल्ली-बिठोली पो0 मल्ली बिठोली विकास खण्ड द्वाराहाट जनपद अल्मोड़ा के संजय सिंह पुत्र मोहन सिंह को बाघ ने अपना शिकार बना लिया था? यदि हाँ, तो क्या सरकार ने मृतक के परिवार को समुचित मुआवज़ा/सहायता प्रदान कर दी है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>03.10.2003 | 86. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश की अधिकाँश नगर पंचायतें एवं नगर पालिका परिषद घाटे में चल रही है? यदि हाँ, तो घाटे में चल रहे इन निकायों को घाटे से उबारने हेतु सरकार कोई प्रयास कर रही हे? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>03.10.2003 | 87. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार पर्यावरण की सुरक्षा हेतु क्या कोई कार्य योजना बनाने जा रही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कार्य योजना को सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>06.10.2003 | 88. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शासनादेश सं0-1206/नौ-2-92 (अधि0)/2002, पेयजल अनुभाग देहरादून, दिनांक 24.6.2003 के अनुरूप व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु एक पूर्ण कालिक प्रबन्ध निदेशक का चयन अभी तक न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार उक्त विभाग में पूर्ण कालिक प्रबन्ध निदेशक की नियुक्ति करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>06.10.2003 | 89. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जब उत्तरांचल सरकार ने शासनादेश सं0-928/नौ-2-पे0/2003, दिनांक 26.6.2003 द्वारा उत्तरांचल पेयजल निगम को उत्तर प्रदेश जल निगम की भाँति समयबद्ध वेतनमान देने का आदेश निर्गत कर दिया गया है? यदि हाँ, तो क्या उक्त शासनादेश में 24 जूनियर इंजीनियरों को द्वितीय पदोन्नति वेतनमान की स्वीकृति सूची भी भ्रामिक है? यदि नहीं, तो क्यों तथा सूची कब तक निर्गत की जायेगी? | पेयजल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>07.10.2003 | 90. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पहाड़ी क्षेत्रों में जंगली जानवरों द्वारा काश्तकारों का नुकसान किये जाने पर मुआवज़ा दिये जाने का कोई प्राविधान है? यदि नहीं, तो क्या सरकार पर्वतीय क्षेत्र के काश्तकारों को भी मुआवज़ा प्रदान करने हेतु विचार कर रही हे? यदि हाँ, तो कब तक? | वन |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>08.10.2003 | 91. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में बाँकू पुल से बाँकू तक हल्का वाहन मार्ग वर्ष 2000 में यातायात के लिए खोल दिया गया था? क्या यह मार्ग वर्ष 2002 से बन्द है? यदि हाँ, तो कब तक इसे यातायात के लिए खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>08.10.2003 | 92. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड जोशीमठ में पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुख्य मोटर मार्ग से औली मोटर मार्ग के टावर नं0-12 से 15 तक 3 कि0मी0 कच्ची सड़क का डामरीकरण किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>08.10.2003 | 93. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में कुल कितनी सड़कें हल्का वाहन मार्ग की श्रेणी में आती हैं? क्या सरकार इन मार्गों को चौड़ा करने एवं डामरीकरण के लिए प्राथमिकता के आधार पर धनराशि अवमुक्त करने पर विचार कर रही हे? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>08.10.2003 | 94. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जिलों की सड़क अनुश्रवण समिति द्वारा 2002-2003 तथा 2003-2004 के प्रस्ताव अनुमोदित होकर शासन को प्राप्त हो चुके हैं? यदि हाँ, तो जनपद चमोली में 2002-2003 तथा 2003-2004 के लिए प्रस्तावित किन-2 सड़कों को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी<br>09.10.2003 | 95. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत उत्तरांचल राज्य को वर्ष 1999-2000, 2000-01, 2001-02 के दौरान वर्षवार कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा अब तक कुल कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है? क्या वित्तीय वर्ष 2002-03 तथा 2003-04 के लिए उक्त योजना के तहत सड़कें स्वीकृत हो चुकी हैं? यदि हाँ, तो स्वीकृत सड़कों के क्या-2 नाम हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री तसलीम अहमद<br>13.10.2003 | 96. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के किन-किन वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने का प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है? क्या सरकार उक्त वन ग्रामों को शीघ्र ही राजस्व ग्राम घोषित किये जाने हेतु कोई कार्यवाही कर रही हे? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>14.10.2003 | 97. न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त | |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>14.10.2003 | 98. क्या पेयजल मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी की बन्द पड़ी मस्ट गाँव पेयजल योजना को चालू कर दिया गया है? यदि हाँ, तो कब से? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>14.10.2003 | 99. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जल निगम में ठेकेदारों के पंजीकरण तथा नवीनीकरण करने हेतु कोई नीति बनायी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रकाश पंत<br>15.10.2003 | 100. क्या लो0नि0 मंत्री बतायेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में अल्मोड़ा–दन्या–घाट मोटर मार्ग निर्माणाधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस मोटर मार्ग का निर्माण पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>16.10.2003 | 101. क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी में लोक निर्माण विभाग की 'अस्थायी खण्ड शाखा' को कब बन्द किया गया तथा इसके बन्द किये जाने के क्या कारण थे? क्या सरकार उक्त अस्थायी खण्ड शाखा को पुनः प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17.10.2003 | 102. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर में लोक निर्माण अस्थाई खण्ड थत्यूड़ द्वारा बंगार से छनाणगाँव 03 कि0मी0, थत्यूड़ से मजेपुर तक 03 कि0मी0, खेराड़ से भुटगाँव तक 04 कि0मी0 तथा डौंर से परोड़ी तक 01 कि0मी0 सड़क का निर्माण सुनिश्चित रोजगार योजनान्तर्गत कराया गया था? क्या यह सत्य है कि उपरोक्त सड़कों का रखरखाव लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार जनहित में उपरोक्त सड़कों का रखरखाव लोक निर्माण विभाग अस्थाई खण्ड थत्यूड़ टिहरी गढ़वाल द्वारा कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17.10.2003 | 103. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार ने अब तक देहरा–मसूरी विकास प्राधिकरण से कितने भवन खरीदे हैं तथा कितने भवनों का कब्जा ले लिया है? कितनी धनराशि अभी तक उत्तरांचल सरकार की देहरा–मसूरी विकास प्राधिकरण के पास है? सरकार शेष धनराशि को वापिस लेने के लिए क्या प्रयास कर रही है? | राज्य सम्पत्ति |

| | | |
|---|---|---|
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>17.10.2003 | 104. क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि जनपद पिथौरागढ़ में देवस्थल लिंक मार्ग आरम्भ में केदार की गैर के पास लगभग 50 मीटर मोटर मार्ग गत 10 वर्षों से क्षतिग्रस्त है? क्या सरकार इस मोटर मार्ग का निर्माण जनहित में शीघ्र करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>18.10.2003 | 105. क्या वन मंत्री को जानकारी है कि किसी एक कम्पार्टमेन्ट में लगातार पाँच बार से अधिक बार लीसा का दोहन नहीं किया जाता है? यदि हाँ, तो क्या यह सही है कि उत्तरकाशी वन प्रभाग के डुण्डा राजि के कम्पार्टमेन्ट सं0-6 में वर्ष 1987-88 से लगातार लीसे का दोहन किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>20.10.2003 | 106. क्या लो0नि0 मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत विभिन्न पैदल मार्गो पर पूर्व में निर्मित गौचर-सारी झूला पुल, ऊखीमठ-विद्यापीठ झूला पुल, ऊखीमठ-कालीमठ (निवासिणी) झूला पुल, कालीमठ-कालीमन्दिर लोहा पुल, भीरी-डमार झूला पुल, चन्द्रापुरी-बष्टी (बसुकेदार) झूला पुल, बेडूबगड़-फलई झूला पुल, मस्तूरा-दैड़ा लोहा पुल, गुप्तकाशी-कालीमठ झूला पुल, अगत्स्यमुनि-सिल्ला झूला पुल, सिल्ली-चाका झूला पुल, काक्ड़ागाड़-सिंगोली झूला पुल, बड़ासू-रेल झूला पुल, कोटमा-स्यासू झूला पुल तथा जुगासू-मद्दमहेश्वरमार्ग पर बने लोहे के पुल के अनुरक्षण तथा सुधारीकरण की कोई योजना विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उपरोक्त सभी झूला एवं लोहे के पुलों का कब तक सुधारीकरण किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रकाश पंत<br>20.10.2003 | 107. क्या वन मंत्री बतायेंगे कि औषधि एवं सगन्ध पादपों का संरक्षण, विकास व विदोहन हेतु वन विभाग तथा संयुक्त विदोहन दल बनाकर कार्य करने की योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो क्या प्रस्तावित कार्य योजना में पूर्व से उक्त क्षेत्र में कार्यरत भेषज सहकारी संघ को भी सम्मिलित किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>21.10.2003 | 108. क्या वन मंत्री बतायेंगे कि वर्ष 2002-2003 में कुमायूँ मण्डल के वनक्षेत्र में कितने एकड़ भूमि को लीज़ पर दिया गया तथा उससे सरकार को कितने राजस्व की प्राप्ति हुई? | वन |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>23.10.2003 | 109. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत पलाऊ पेयजल योजना कई वर्षों से क्षतिग्रस्त है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इसके पुनर्निर्माण की कोई योजना बना रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>23.10.2003 | 110. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत रा0इ0 कॉलेज देवी खेत को मोटर मार्ग से जोड़ने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो इस पर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>23.10.2003 | 111. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड घाट में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत ल्वाणी रामणी सड़क निर्माण के दौरान जिन कृषकों की भूमि सड़क के अन्तर्गत आ गयी है, उन्हें भूमि का मुआवज़ा प्रदान कर दिया गया है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>24.10.2003 | 112. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल में पगोट-देचौरी मार्ग दोनों ओर से निर्मित होने के बावजूद बीच में अधूरा छूटा हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस महत्वपूर्ण मार्ग को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने के लिए कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ, तो मार्ग का निर्माण कब तक पूरा कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>24.10.2003 | 113. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विकास भवन निर्धारित अवधि में बन कर तैयार हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>28.10.2003 | 114. क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत सुनाली-दशोलीखाल मटियाणा मोटर मार्ग के कि0मी0 1 से 4 तक निर्माण में सुनाली व पलाऊ में कृषकों की नाप भूमि में फसल दबान का मुआवज़ा दे दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>28.10.2003 | 115. क्या लोक निर्माण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग में सोनला कोठाली कच्चा मोटर मार्ग किस सन् में बनकर तैयार हो गया था तथा इसकी कुल लम्बाई कितनी है? क्या सरकार उक्त मार्ग के डामरीकरण के प्रस्ताव पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>28.10.2003 | 116. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में मुवानी गोबराड़ी तथा नौचदा नापड़ मोटर मार्ग के निर्माण की वन विभाग से स्वीकृति मिली है? यदि हाँ, तो निर्माण कार्य प्रारम्भ न किये जाने के क्या कारण है? क्या सरकार निर्माण कार्य प्रारम्भ करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>28.10.2003 | 117. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में ग्राम स्योर्ली पेयजल योजना की पाईप लाईन में जंग लगने से पेयजल योजना बन्द है? यदि हाँ, तो क्या सरकार पेयजल योजना का पुनर्गठन करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.09.2003 | 118. | क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड नौगाँव अन्तर्गत दांगुड़गाँव व राना के मध्य झरझरगाड़ पर लोहे का पुल बाढ़ आने से बह गया है? यदि हाँ, तो क्या आवागमन हेतु पुल का निर्माण करा लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>29.10.2003 | 119. | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश की सबसे पुरानी नगरपालिका नैनीताल की वित्तीय स्थिति अत्यंत खराब है तथा कर्मचारियों का वेतन समय से न मिलने के कारण शहर की व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने से पर्यटन उद्योग प्रभावित हो रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार हालात सुधारने के लिए विशेष उपाय करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री काशी सिंह ऐरी<br>29.10.2003 | 120. | **दिनांक 22-12-2003 को अता.प्र. 128 द्वारा उत्तरित** | |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>07.11.2003 | 121. | **विस्तीर्णता तथा न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त** | |
| डा0 नारायण सिंह जंतवाल<br>29.10.2003 | 122. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि 18 व 19 अगस्त, 2003 को हुई अत्यधिक वर्षा के कारण ज्योलीकोट-सड़ियाताल मोटर मार्ग (जनपद नैनीताल) के धंसने से पूरे गाँव को खतरा उत्पन्न हो गया है जिससे सुरक्षात्मक कार्यों के लिए जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा प्रस्ताव शासन को प्रेषित कर दिया गया है? यदि हाँ, तो कब तक सुरक्षात्मक उपायों हेतु धन आवंटन कर कार्यवाही कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>29.09.2003 | 123. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि सम्पूर्ण ग्रामीण रोज़गार योजनान्तर्गत जिला पंचायत उत्तरकाशी से विकास खण्ड डुण्डा अन्तर्गत पट्टी मण्डारस्यूँ के ग्राम बड़ेथ में सिंचाई गूल योजना स्वीकृत थी? क्या यह सत्य है कि जिला पंचायत उत्तरकाशी के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा धन लेकर उक्त स्वीकृत योजना को पट्टी गाजणा के बड़ेथगाँव में स्थानांतरित कर कार्य करवाया गया? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त की जाँच कर दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>22.11.2003 | 124. | विधान सभा के प्रथम सत्र, 2003 के प्रथम मंगलवार के अता.प्र. 90 के उत्तर के संदर्भ में क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद टिहरी, पौड़ी गढ़वाल तथा जनपद नैनीताल में मार्गों के वार्षिक रखरखाव तथा मार्गों के विशेष मरम्मत की मद में वर्ष 2002-2003 में जनपदवार कितनी-कितनी धनराशि निर्गत की गई? | लोक निर्माण |
| श्री तसलीम अहमद<br>08-09-2003 | 125. | क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद हरिद्वार के ब्लाक लक्सर की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर व ब्लाक बहादराबाद की ग्रम पंचायत मौ0पुर कुन्हारी जो कि संयुक्त रूप से मिली ग्राम पंचायत है को मिलाकर 'सुल्तानपुर कुन्हारी' के नाम से नगर पंचायत बनाने का विचार करेगीं? यदि हॉ तो कब तक? यदि नहीं तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>09.10.2003 | 126. | क्या वन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के मनेरी भाली परियोजना द्वितीय चरण क्षेत्र धरासू दिकोली गाँव में निर्माण कम्पनियों द्वारा स्थापित स्टोन क्रेशर पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप स्थापित हैं? यदि नहीं, तो स्टोन क्रेशर मालिक कम्पनियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी? | वन |